
वर्ष :-1 अंक:-305 17,दिसंबर,2025 बुधवार




अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com

## बिहारशरीफ नगर निगम का अतिक्रमण अभियान, आलमगंज सहित कई इलाकों में चला बुलडोजर

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।कई दिनों की खामोशी के बाद मंगलवार को बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान एक बार फिर सक्रिय हुआ। नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शहर के विभिन्न इलाकों में बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया।

इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।नगर निगम द्वारा पोस्ट ऑफिस मोड़, पुल पर, आलमगंज, खंदक पर समेत कई इलाकों के दुकानदारों को 10 दिसंबर तक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के करीब छह दिन बाद मंगलवार को नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू की। पोस्ट ऑफिस मोड़ से अभियान की शुरुआत की गई, जहां फुटपाथ और सड़क किनारे किए




गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया।इसके बाद आलमगंज मोहल्ले में भी निगम की टीम पहुंची और वहां दुकानदारों द्वारा लगाए गए चाली, लोहे के स्टैंड और स्थायी ढांचों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन मौके पर तैनात पुलिस बल की मदद से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी रखा गया।

आलमगंज पुल पर चौराहा के पास स्थायीरूप से बनाई गई कई गुमटियों को भी तोड़ा गया। लंबे समय से शहर में यह चर्चा थी कि आलमगंज क्षेत्र में नगर निगम कार्रवाई करने से बचता है, लेकिन मंगलवार की इस सख्त कार्रवाई से यह धारणा भी टूट गई।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी भारत सोनी ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण को दिए सख्त निर्देश



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मंगलवार की शाम 4 बजे नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में हाल के दिनों में घटित आपराधिक घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अपराध नियंत्रण को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया।

क्राइम मीटिंग के दौरान लंबित कांडों के निष्पादन की स्थिति, गंभीर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई, वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन तथा कुर्की-जप्ती की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी कांड में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने रात्रि गश्ती को और अधिक सुदृढ़ करने, संवेदनशील इलाकों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिस-जन सहयोग को मजबूत किया जाए, ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और वारंट एवं कुर्की-जप्ती की कार्रवाई में तेजी लाई जाए। बैठक में सभी अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र की अद्यतन जानकारी साझा करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताई कि इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## एनएफएसए के तहत राशन कार्ड अपात्रता मानकों को लेकर एसडीओ ने जारी की सूचना


संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ (नालंदा) द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्गत राशन कार्डधारियों के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है। जारी निर्देश में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लाभुकों के लिए राशन कार्ड की अपात्रता से संबंधित मानकों को स्पष्ट किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र के लाभुकों के लिए अपात्रता के मानदंड के अनुसार यदि किसी परिवार के पास मोटर चालित तिपहिया या चार पहिया वाहन, मशीन चालित तीन/चार पहियों वाले कृषि उपकरण, सरकार में पंजीकृत गैर-कृषि उद्योग, आयकर या व्यावसायिक कर का भुगतान, परिवार के किसी सदस्य की मासिक आय 10,000 रुपये से अधिक, सरकारी सेवा में कोई सदस्य, पक्के मकान में तीन या अधिक कमरे, अथवा निर्धारित सीमा से अधिक सिंचित भूमि उपलब्ध है, तो ऐसे परिवार राशन कार्ड के लिए अपात्र माने जाएंगे।

शहरी क्षेत्र के लाभुकों के लिए अपात्रता के मानदंड के अंतर्गत आयकर या व्यावसायिक कर का भुगतान करने वाले, सरकारी सेवा में कार्यरत परिवार (अनुसूचित जाति/जनजाति के समूह 'घ' को छोड़कर), स्वयं के स्वामित्व में तीन या अधिक कमरों का पक्का मकान, परिवार की मासिक आय 20,000 रुपये से अधिक, चार पहिया वाहन, अथवा दोपहिया वाहन के साथ रेफ्रिजरेटर एवं वाशिंग मशीन तीनों का होना अपात्रता की श्रेणी में आएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि




कंडिका 'A' एवं 'B' में वर्णित किसी भी एक बिंदु के अंतर्गत आने वाले राशन कार्डधारी अपात्र होंगे। ऐसे लाभुकों से अपील की गई है कि वे अपना राशन कार्ड संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में स्वेच्छा से रद्द कराने हेतु जमा करें। अन्यथा सत्यापन के दौरान अपात्र पाए जाने पर दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राजगीर जू सफारी में विदेशी सिल्वर और गोल्डन फीजेंट बने नया आकर्षण

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा जिले के राजगीर जू सफारी स्थित बर्ड एवियरी को दो दुर्लभ एवं अत्यंत आकर्षक विदेशी पक्षी प्रजातियों से समृद्ध किया गया है। एवियरी में सिल्वर फीजेंट (Silver Pheasant) और गोल्डन फीजेंट (Golden Pheasant) को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया है। इन रंग-बिरंगे और विशिष्ट तीतरों के आगमन से जू सफारी की जैव-विविधता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब पर्यटकों को यहां एक नया व मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।जू सफारी प्रबंधन द्वारा इन विदेशी फीजेंट्स के लिए प्राकृतिक वातावरण से मेल खाता विशेष आवास तैयार किया गया है। साथ ही संतुलित एवं वैज्ञानिक आहार व्यवस्था, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा आधुनिक निगरानी प्रणाली भी सुनिश्चित की गई है, ताकि ये पक्षी सुरक्षित माहौल में रहकर अपने स्वाभाविक व्यवहार का प्रदर्शन कर सकें। विशेषज्ञों की देखरेख में इनके संरक्षण एवं देखभाल की जा रही है।इस अवसर पर राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने कहा कि जू सफारी का उद्देश्य केवल पर्यटकों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, जैव-विविधता के संवर्धन और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि सिल्वर और गोल्डन फीजेंट जैसी दुर्लभ विदेशी प्रजातियों का समावेशन जू सफारी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।निदेशक ने आगे कहा कि इन पक्षियों के आगमन से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्रकृति प्रेमियों को भी वैश्विक पक्षी विविधता के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। यह पहल लोगों को पक्षी संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होगी।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED
"BOOKINGS ARE NOW OPEN !"
BOOK 3BHK PREMIUM FLAT
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
₹ 4251/*SQ.FT.
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities
• Swimming Pool
• Vastu Compliant Design
• Kids' Play Area
• Volleyball / Badminton Court
• Cricket net pitch
• Landscape & Roof Top Garden
• Temple in Premises
• Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
• 100% Power Backup
• Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
• EV Reserved Car Parking
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004, 7280027960
60018 06049, 96615 74892
Contact us today to book your site visit!

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा

बुधवार
17,दिसंबर,2025


# नालंदा कॉलेज के सात छात्रों का गुजरात की अलिवस लाइफ साइंस में चयन



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा कॉलेज में मंगलवार को एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें केमिस्ट्री विभाग के पीजी अंतिम वर्ष के छात्रों को आकर्षक पैकेज पर रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। यह प्लेसमेंट ड्राइव गुजरात स्थित प्रतिष्ठित फार्मास्यूटिकल कंपनी अलिवस लाइफ साइंस द्वारा संचालित की गई। उल्लेखनीय है कि अलिवस लाइफ साइंस फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग एवं रिसर्च के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम है, जिसे पूर्व में ग्लेनमार्क के नाम से जाना जाता था।

इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा के सफल मार्गदर्शन में किया गया। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर अनिरबन चटर्जी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों और उद्योग जगत के बीच की दूरी को कम करना तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।एमबीए कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान चयन समिति द्वारा लिखित परीक्षा, क्विज़, पोस्टर प्रस्तुति एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर छात्रों का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर. आर. झा, डॉ. विजय कुमार, बिनय कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा एवं आशुतोष भारती ने साक्षात्कार प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।प्लेसमेंट ड्राइव के परिणामस्वरूप नालंदा कॉलेज के कुल सात छात्रों का चयन अलिवस लाइफ साइंस में किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर अनिरबन चटर्जी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।उल्लेखनीय है कि अलिवस लाइफ साइंस कंपनी तीसरी बार नालंदा कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहुंची है, जो कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण है।

# राजगीर महोत्सव 2025 में कृषि प्रदर्शनी की तैयारियों की डीएम ने समीक्षा



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मंगलवार को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा राजगीर महोत्सव 2025 की तैयारियों के क्रम में स्टेट गेस्ट हाउस, हॉकी मैदान पहुंचकर कृषि विभाग से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कृषि आधारित मेलों, प्रदर्शनी एवं किसान उन्मुख कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई।विदित हो कि राजगीर महोत्सव का आयोजन 19 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक कुल सात दिनों के लिए किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस महोत्सव में ग्रामश्री मेला, उद्यान मेला, व्यंजन मेला, पुस्तक मेला के साथ-साथ किसान मेला का भी आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है। किसान मेला के अंतर्गत कृषि विभाग नालंदा द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 19 एवं 20 दिसंबर 2025 को जैविक मेला आयोजित किया जाए, जिसमें सेलर-बायर मीट के साथ जिले के जैविक किसानों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-प्रतियोगिता का आयोजन हो। 21 एवं 22 दिसंबर 2025 को कृषि यांत्रिकरण मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी हेतु 15 विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। इस दौरान फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े यंत्रों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। आकर्षण के रूप में मिनी ट्रैक्टर आधारित सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। साथ ही अनुदान योजनाओं एवं कृषि यंत्र बैंक से संबंधित जानकारी बैनरों के माध्यम से दी जाएगी। नालंदा में निर्मित ट्री-शिफ्टर मशीन का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

23 एवं 24 दिसंबर 2025 को आत्मा नालंदा द्वारा किसान मेला आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन 200 किसानों के परिभ्रमण, किसान गोष्ठी, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 25 दिसंबर को किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस वर्ष कृषि प्रदर्शनी को और अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाया जाए।






अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा


## आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत नूरसराय में राजमिस्त्रियों का भूकंपरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु

नूरसराय (अपना नालंदा)।बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में नूरसराय प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को भूकंपरोधी भवन निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के चयनित 30 राजमिस्त्रियों को आधुनिक एवं सुरक्षित निर्माण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी जियाउल हक एवं अंचल अधिकारी दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद कुमार, ऐस्टिक सॉल्यूसंस के कोऑर्डिनेटर सौरभ कुमार, एमआईएस प्रभारी अंकित कुमार तथा प्रशिक्षक सोनू कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यह दस दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रतिभागियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दोनों प्रकार की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के अंत में मूल्यांकन किया जाएगा, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान इंडक्शन किट, प्रतिभागी पुस्तिका, टूल किट एवं रिफ्रेशमेंट भी उपलब्ध कराया जाएगा।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी राजमिस्त्रियों को प्रोत्साहन स्वरूप सात हजार रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण ऐस्टिक सॉल्यूसंस द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर सुधीर कुमार, लक्ष्मण रविदास, शशिकांत कुमार, सुरेश रविदास, सारिक पासवान, कुंदन पासवान, सुफी यादव सहित अन्य प्रशिक्षु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मॉब लिंचिंग के खिलाफ बिहारशरीफ में भाकपा माले व इंसाफ मंच का विरोध




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नवादा जिले में हुई मॉब लिंचिंग की घटना के विरोध में 16 दिसंबर 2025 को राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत बिहारशरीफ में भाकपा (माले) एवं इंसाफ मंच के नेतृत्व में विरोध मार्च और धरना-प्रदर्शन किया गया। यह मार्च अस्पताल मोड़ पर आकर धरना में तब्दील हो गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए।

विदित हो कि नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टा गांव में 5 दिसंबर 2025 को मुस्लिम कपड़ा फेरीवाले मोहम्मद अतहर हुसैन की कथित रूप से बर्बर मॉब लिंचिंग की गई थी। इलाज के दौरान 12 दिसंबर 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। धरना को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य एवं नालंदा जिला सचिव कॉमरेड सुरेंद्र राम ने कहा कि यह घटना बिहार में कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा का माहौल बनाया जा रहा है और गृह मंत्री के कार्यभार संभालने के बाद मॉब हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अतहर हुसैन को केवल संदेह के आधार पर अमानवीय यातनाएं दी गईं और बाद में उनके खिलाफ झूठा मुकदमा भी दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस, जिला प्रशासन और चिकित्सा व्यवस्था पर लापरवाही का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि घटना के बाद भट्टा गांव में भय का माहौल है और अल्पसंख्यक परिवार डरे हुए हैं।

धरना में मांग की गई कि दोषियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दी जाए, फर्जी मुकदमा दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को सुरक्षा व न्याय मिले तथा 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। धरना को पाल बिहारी लाल, दिनेश यादव, सरफराज अहमद खां, मो. अतहर हुसैन के भाई मो. चांद सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया।






# फुटपाथी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर बिहारशरीफ में संघ की अहम बैठक



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नालंदा जिला फुटपाथी दुकानदार संघ, संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की बैठक श्रम कल्याण मैदान, बिहारशरीफ में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में फुटपाथी दुकानदार शामिल हुए, जहां उनकी समस्याओं, अधिकारों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित दुकानदारों से उनकी राय ली गई और उनके हितों की रक्षा के उपायों पर चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सुधीर पटेल ने कहा कि बिहार सरकार और जिला प्रशासन अपनी नाकामी छुपाने के लिए सुनियोजित तरीके से फुटपाथी दुकानदारों को उजाड़ने का काम कर रहा है। इससे गरीब दुकानदारों की रोजी-रोटी पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की दुकान हटाने से पहले सरकार को उसकी आजीविका के बारे में सोचना चाहिए। जब तक वेंडिंग जोन का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक फुटपाथी दुकानदारों को हटाना, ठेला तोड़ना अथवा तराजू, बाट और नकदी जब्त करनापूरी तरह गलत है।

बैठक में मांग की गई कि वेंडिंग जोन बनने के बाद ही दुकानदारों को हटाया जाए। सभी फुटपाथी दुकानदारों का निःशुल्क एवं सरल तरीके से पंजीकरण किया जाए। प्रत्येक फुटपाथी दुकानदार को 50 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाए। सरकारी भूमि को चिन्हित कर वहां वेंडिंग जोन विकसित किया जाए तथा प्रत्येक जिले में वेंडिंग जोन कमेटी का गठन कर सही लाभुकों को दुकान आवंटित की जाए। साथ ही फुटपाथी दुकानदारों के लिए एक बोर्ड के गठन की भी मांग की गई।

इस बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बलराम सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र प्रभात, विजय कुमार सिंह, कुंदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नालंदा जिला फुटपाथी दुकानदार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रमोद कुमार को अध्यक्ष, मिठू तांती को उपाध्यक्ष, जीवन कुमार को सचिव तथा रूबी कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया।


# इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ की सामाजिक पहल, जिला अध्यक्ष ने किया कार्यों का निरीक्षण




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मंगलवार को इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ में बिहार–झारखंड की जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता के आधिकारिक दौरे के दौरान क्लब सदस्यों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर क्लब की ओर से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनकी जिला अध्यक्ष ने सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक सक्रियता से समाजहित में कार्य करने पर बल दिया।दौरे के क्रम में जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से हॉस्पिटल मोड़ चौराहा स्थित यातायात पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन किया। इसके पश्चात किड्स ब्लॉक डैफोडिल पब्लिक स्कूल में डस्टबिन वितरण, पौधारोपण तथा लगभग 200 अमरूद के पौधों का वितरण किया गया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को बढ़ावा देने के लिए वॉल पेंटिंग भी कराई गई, जिसमें क्लब सदस्या माला कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय, भैसासुर की लाइब्रेरी में बुक शेल्फ के साथ लगभग 300 पुस्तकें, वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर मशीन स्थापित की गई। विकास नगर मंदिर परिसर में भी पौधारोपण किया गया। वहीं डैफोडिल पब्लिक स्कूल, मंगला स्थान में जरूरतमंद महिलाओं के लिए 'नेकी की दीवार' कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत चादर, कंबल एवं सिलाई मशीन का वितरण किया गया।

क्लब सचिव कुमारी रश्मि ने वर्ष भर किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। क्लब अध्यक्ष रश्मि रानी ने सदस्यों के योगदान की सराहना की, जबकि जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने क्लब के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए इनर व्हील के संविधान व आदर्शों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में क्लब की 'अंतर्मन' पत्रिका का विमोचन किया गया।



# करायपरसुराय में जदयू सदस्यता अभियान तेज, संगठन मजबूत करने पर जोर



करायपरसुराय (अपना नालंदा)। करायपरसुराय प्रखंड क्षेत्र में जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड के मेंढ़मा गांव में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष अगम कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा अधिक से अधिक लोगों को जदयू से जोड़ने की रणनीति तय करना रहा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं के समर्पण और सक्रियता से ही संगठन मजबूत बनता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ सदस्यता अभियान में जुटने की अपील की।इस अवसर पर जदयू के पूर्व विधान पार्षद राजेश कुमार उर्फ राजू यादव ने सदस्यता अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अभियान की प्रक्रिया, लक्ष्य और संगठनात्मक दिशा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने का प्रयास करे, ताकि पार्टी की जड़ें गांव-गांव तक मजबूत हो सकें।

वहीं, पार्टी के वरीय नेता जनार्दन प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि सदस्यता अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले सके।बैठक में जिला परिषद सदस्य अजय कुमार, राजा मुखिया, पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार, विनोद सिंह, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार, पवन कुमार, ताराकांत जी, दिलीप कुमार, विपुल कुमार, मिथलेश कुमार, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# प्राथमिक विद्यालय कतरडिह की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के निधन से शोक



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)।कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कतरडिह की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के असामयिक निधन से पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षक समुदाय, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों तथा विद्यार्थियों में गहरा दुःख व्याप्त हो गया। शिक्षा जगत ने एक समर्पित, कर्मठ और स्नेही शिक्षिका को खो दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी का पटना स्थित मेदान्ता अस्पताल में यूटेरस के ऑपरेशन हेतु इलाज चल रहा था। ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं सहकर्मी और छात्र गहरे शोक में डूबे हुए हैं।

इस दुखद समाचार के बाद कतरीसराय प्रखंड के सभी विद्यालयों में शोक सभाओं का आयोजन किया गया। शोक सभा के दौरान शिक्षकों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शिक्षकों ने उनके शैक्षणिक योगदान, अनुशासनप्रियता एवं सरल, मृदुभाषी स्वभाव को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उनका निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई करना कठिन है।

खंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान, अजय प्रसाद, सतीश कुमार, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, भूषण कुमार सहित दर्जनों शिक्षाकर्मियों एवं पदाधिकारियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## नोहसा मठ गांव से शराब के नशे में युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

बेन (अपना नालंदा)।नोहसा पंचायत अंतर्गत नोहसा मठ गांव के पक्की सड़क क्षेत्र से पुलिस गश्ती दल ने शराब के नशे में धुत एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पिंकू पांडे (उम्र लगभग 20 वर्ष), पिता पप्पू पांडे, निवासी नोहसा मठ ग्राम के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गश्ती के दौरान पुलिस को युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। पूछताछ एवं जांच के क्रम में शराब सेवन की पुष्टि होने पर उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद आवश्यक चिकित्सीय जांच कराते हुए शराब सेवन की पुष्टि की गई।






अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा



## नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कायस्थ महासभा ने दी बधाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के मंत्री सह बांकीपुर विधायक नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, नालंदा जिला इकाई की ओर से हर्ष व्यक्त किया गया। महासभा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा एवं महिला जिलाध्यक्ष जया वर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन का राष्ट्रीय स्तर पर इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना बिहार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण के बल पर इस नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। उनके नेतृत्व से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक बढ़ेगा।

महिला जिलाध्यक्ष जया वर्मा ने कहा कि नितिन नवीन की नियुक्ति से समाज के विभिन्न वर्गों में सकारात्मक संदेश गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपने नए दायित्व के माध्यम से संगठन को नई दिशा देंगे और समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे।

इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक स्वर में नितिन नवीन को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

बधाई देने वालों में कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, जितेंद्र कुमार, लाला अनिल कुमार, ओम प्रकाश, अमित कुमार, राकेश कुमार, निरंजन कुमार, राजू कुमार, विपिन कुमार, अजय कुमार, अर्चना सिंह, नीतू कुमारी, ममता कुमारी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी ने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन और समाज को नई दिशा मिलेगी तथा बिहार का मान राष्ट्रीय स्तर पर और ऊंचा होगा।

## हरनौत में भुगतान संकट पर आंगनबाड़ी सेविकाओं का बैंक में जोरदार विरोध



हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों पर समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण पोषाहार योजना सहित अन्य सरकारी योजनाएं पिछले कई दिनों से प्रभावित रहीं। भुगतान में हो रही देरी से आंगनबाड़ी सेविकाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें बार-बार हरनौत स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक शाखा का चक्कर लगाना पड़ा।


आंगनबाड़ी सेविका बबीता कुमारी ने बताया कि वे पिछले आठ दिनों से बैंक जा रही थीं, लेकिन हर बार "कल आइए" कहकर भुगतान टाल दिया जाता रहा। भुगतान नहीं होने के कारण केंद्रों पर उपयोग होने वाली सामग्री की खरीद नहीं हो सकी, जिससे बच्चों और लाभुकों से जुड़ी योजनाएं प्रभावित होती रहीं।

मंगलवार को करीब 20 आंगनबाड़ी सेविकाएं एकजुट होकर मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, हरनौत शाखा पहुंचीं और भुगतान नहीं होने पर बैंक परिसर में विरोध दर्ज कराया। सेविकाओं का कहना था कि लगातार टालमटोल से उनका कार्य बाधित हो रहा है और उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है।

मामले को लेकर मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक रंजन ने बताया कि बैंक को नगद राशि निजी बैंक एक्सिस बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। नगद की कमी के कारण भुगतान लंबित था। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में सीडीपीओ पिंकी कुमारी को पूर्व में जानकारी दी जा चुकी है, हालांकि वे मंगलवार से अवकाश पर हैं।

आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा स्थानीय पत्रकारों को सूचना दिए जाने के बाद मामला सार्वजनिक हुआ, जिससे बैंक प्रबंधन पर दबाव बढ़ा। इसके बाद आनन-फानन में बैंक द्वारा सेविकाओं को लंबित राशि का भुगतान किया गया। भुगतान के दौरान भी सेविकाओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की और भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।

## द्वारिका बीघा के पास सड़क हादसा, बाइक सवार तीन युवक घायल




हरनौत (अपना नालंदा)। चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारिका बीघा गांव के पास नेशनल हाईवे-20 पर मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं ई-रिक्शा पर सवार एक महिला तथा चालक भी इस हादसे में जख्मी हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक हरनौत बाजार की ओर से चेरो की दिशा में जा रहे थे। जैसे ही वे द्वारिका बीघा गांव के समीप पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे सब्जी लदे ई-रिक्शा से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क परअफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसे के बाद आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की सहायता करते हुए तुरंत चेरो ओपी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए कल्याण बिहार रेफरल अस्पताल भेजा गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों में एक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य का इलाज चल रहा है।चेरो ओपी थाना अध्यक्ष ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार युवक चेरो ओपी थाना क्षेत्र के खरुआरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक बख्तियारपुर का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## हरनौत में जदयू सदस्यता अभियान तेज, संगठन विस्तार पर विशेष जोर



हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत के स्थानीय बाजार स्थित जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में मंगलवार को वर्ष 2025 से 2028 तक चलने वाले जदयू के सदस्यता अभियान के तहत एक विशेष सदस्यता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता देखी गई, जिससे संगठन में नया उत्साह नजर आया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राज्य में समता, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों के साथ निरंतर सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की स्वच्छ छवि, विकासपरक सोच और सुशासन की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग जदयू से जुड़ रहे हैं।सदस्यता शिविर के दौरान दर्जनों लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिली। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में लगभग 300 नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे बिहार में एक साथ सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदस्यता अभियान का उद्देश्य केवल संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा से जुड़े सक्रिय, समर्पित और जिम्मेदार कार्यकर्ताओं का मजबूत नेटवर्क तैयार करना है।शिविर में श्याम बालक साव, रौशन कुमार, कुशेश्वर सिंह, बंटी, पवन, अशोक, अभिषेक सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संगठन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# विदेशी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने राजगीर-नालंदा की धरोहरों का किया भ्रमण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।पर्यटन विभाग, बिहार सरकार अब राज्य की पर्यटन संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए आधुनिक ब्रांडिंग रणनीति के तहत विदेशी सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स की सहायता ले रहा है। इसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर टेक्स्ट, वीडियो, इमेज और ब्रॉडकास्ट आधारित मौलिक कंटेंट तैयार किया जाएगा, जिससे बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इसी क्रम में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, मंगोलिया, म्यांमार, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका एवं थाईलैंड से आए 18 विदेशी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स का एक दल 15 दिसंबर 2025 को परिभ्रमण हेतु राजगीर एवं नालंदा पहुंचा।

विदेशी पर्यटक दल ने राजगीर पर्यटन क्षेत्र अंतर्गत नालंदा महाविहार के खंडहर, नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, रोप-वे, विश्व शांति स्तूप तथा घोड़ा कटोरा झील का भ्रमण किया। ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को देखकर विदेशी मेहमानों ने प्रसन्नता व्यक्त की और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी विदेशी पर्यटकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, आवास, भाषा ज्ञान एवं सांस्कृतिक वातावरण की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नालंदा गुप्तेश्वर कुमार एवं पर्यटन अधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहे और दल को आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# राजगीर महोत्सव 2025 की तैयारियों का डीएम कुंदन कुमार ने किया निरीक्षण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मंगलवार को जिलाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजगीर महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर चल रहे कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विदित हो कि राजगीर महोत्सव का आयोजन 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को आरआईसीसी एवं हॉकी मैदान, राजगीर के समीप स्थित खाली भूखंड में किया जाना निर्धारित है।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, समारोह स्थल की तैयारी, लाइटिंग, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, स्टॉल, कृषि मेला, व्यंजन मेला, महिला महोत्सव, सद्भावना मार्च, तांगा एवं पालकी सज्जा, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, जनसुविधा, खेल महोत्सव, नुक्कड़ नाटक, आमंत्रण पत्र वितरण, सर्वधर्म मंगलाचरण, वाहन पार्किंग, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, सड़क मरम्मति, विद्युत व्यवस्था, निजी घरों एवं होटलों की साज-सज्जा प्रतियोगिता, उद्घाटन, समापन एवं पुरस्कार वितरण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव के अवसर पर राजगीर के शहरी क्षेत्र में स्थित होटलों एवं निजी भवनों के लिए लाइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें बेहतर साज-सज्जा करने वालों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मौर्यन साम्राज्य सहित राजगीर की ऐतिहासिक धरोहरों की प्रदर्शनी लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि आमजन को राजगीर की विरासत से परिचित कराया जा सके।

उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, राजगीर को पर्यटन सुविधा सुदृढ़ करने, रात्रि व्यवस्था, पैकेज टूर, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सॉफ्ट ट्रेनिंग, मल्टी-स्टोरेज पार्किंग एवं वेंडिंग जोन को मजबूत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 17 दिसंबर 2025 तक सभी स्टॉल पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रीना यादव को मिली नई जिम्मेदारी, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक नियुक्त

अखिलेंद्र कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक बनाए जाने पर रीना यादव को पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी हैं। उनकी नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती, अनुशासित संसदीय कार्यप्रणाली तथा प्रभावी समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने कहा कि रीना यादव का सचेतक पद पर चयन उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक दक्षता तथा विधान परिषद की कार्यवाही पर मजबूत पकड़ का प्रमाण है। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर सदन के भीतर और बाहर पार्टी की नीतियों को मजबूती से रखने का कार्य किया है। सचेतक के रूप में उनकी भूमिका सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने, सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने तथा सरकार के विधायी एजेंडे को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगी।

नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि रीना यादव के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल की रणनीति और अधिक सशक्त होगी तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में प्रभावी, तथ्यपरक और अनुशासित तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। उनकी नियुक्ति से महिला नेतृत्व को भी नई मजबूती मिलने की बात कही गई।

रीना यादव को बधाई देने वालों में मनोज मुखिया, विधान पार्षद प्रतिनिधि एखलाक अहमद, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, धर्मेंद्र यादव, एहसान खान, एहतेशाम मालिक एवं श्रवण यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगी तथा पार्टी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी।

# प्लस टू उच्च विद्यालय पमारा में संकुल स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 आयोजित

थरथरी (अपना नालंदा)।थरथरी प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय पमारा के प्रांगण में मंगलवार को संकुल स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना तथा शिक्षकों में नवाचार की क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने कम लागत में तैयार शिक्षण सामग्री के माध्यम से कक्षा शिक्षण को रोचक और प्रभावशाली बनाने के अपने नवाचार प्रस्तुत किए, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं निर्णायक मंडल ने सराहा।

निर्णायक मंडल में शिक्षक देवकुमार, दीपेश कुमार, सुमन सौरभ, मुकेश कुमार एवं रितु पंडित शामिल रहे। मूल्यांकन के उपरांत प्राथमिक विद्यालय वस्ता के शिक्षक मो. शादाब अली एवं मुनभा कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय संतन विगहा के शिक्षक चंदन कुमार एवं चन्द्रलेखा भारती को मिला, जबकि तृतीय स्थान मध्य विद्यालय रूपसपुर के शिक्षक श्याम किशोर प्रसाद को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के समन्वयक सह प्रधानाध्यापक इन्द्रदेव प्रसाद ने बताया कि टीएलएम मेला शिक्षकों को आपसी सीख और नवाचार साझा करने का बेहतर मंच प्रदान करता है, जिससे बच्चों की सीखने की प्रक्रिया सशक्त होती है।

इस अवसर पर व्यवस्थापक अमरजीत कुमार, रविरंजन कुमार, अरुण कुमार चौधरी, राकेश रंजन, संजू कुमारी, वीभेष कुमार, गौतम कुमार, सुनील कुमार, वीरेन्द्र कुमार महारथी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभागी शिक्षकों के उत्साहवर्धन के साथ किया गया।

# संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर नगरनौसा भाजपा में उत्साह

नगरनौसा (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर संजय सरावगी के मनोनीत होने पर नगरनौसा मंडल सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए इसे संगठन के लिए नई ऊर्जा और मजबूती का प्रतीक बताया।इस अवसर पर चंडी ग्रामीण मंडल के प्रभारी सतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में बिहार भाजपा संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। उनका अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यशैली पार्टी को और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाएगी। मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में बिहार भाजपा संगठन जनसेवा की भावना के साथ ऐतिहासिक कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी की नीतियां और कार्यक्रम आम जनता तक और प्रभावी ढंग से पहुंचेंगे तथा संगठन का विस्तार बूथ स्तर तक मजबूती से होगा।अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश अध्यक्ष के मनोनयन को पार्टी के लिए शुभ संकेत बताया और कहा कि इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों में भाजपा को मजबूती मिलेगी।बधाई देने वालों में मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, अमरजीत सिंह, प्रणवदेव आनंद, पिंटू कुमार, अभिषेक भारती, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, रामाशीष प्रसाद, चंदन चौधरी, सिद्धार्थ कुमार सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप की ट्रॉफी का हुआ भव्य अनावरण




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)।भारतीय जनता पार्टी क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली 6 दिवसीय महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ मंगलवार को ट्रॉफी अनावरण के साथ हो गया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 25 दिसंबर तक मोइनुल हक स्टेडियम, पटना में आयोजित की जाएगी।

भाजपा कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित ट्रॉफी अनावरण समारोह में बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल शर्मा, विधायक रत्नेश कुशवाहा, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा एवं भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रदान की जाने वाली ट्रॉफियों का अनावरण किया।

इस अवसर पर क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे बिहार के सभी जिलों की महिला खिलाड़ियों के लिए ओपन ट्रायल आयोजित किया गया था। ट्रायल के माध्यम से कुल 156 महिला खिलाड़ियों का चयन कर 12 टीमों का गठन किया गया है। ये सभी टीमें चैम्पियनशिप ट्रॉफी के लिए आपस में मुकाबला करेंगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी की विजेता बनेगी।कार्यक्रम में भाजपा विधायक महेश पासवान, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक मुकेश पासवान, राजीव रंजन यादव, विकास कुमार गोल्डी, कंचन, विकास सिंह, मोहित श्रीवास्तव, विपुल सिंह, डॉ. अभिराम शर्मा, सुमित शर्मा, रमेश गुप्ता, अजय मुन्ना, सुमित झा, प्रेम प्रकाश, धनंजय कुमार, शिवेन्दु कुमार सिन्हा, डॉ. रवि, पवन गुप्ता, सचिन राणावत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि यह चैम्पियनशिप न केवल महिला खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगी, बल्कि बिहार में महिला खेल प्रतिभाओं को नई पहचान भी दिलाएगी। परिवहन आयुक्त श्री आरिफ अहसन ने विभाग

# माइक्रोफाइनेंस बैंकों पर लगाम की मांग, पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस अध्यक्ष



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)।मुजफ्फरपुर जिले में पिता द्वारा अपने बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या करने की हृदयविदारक घटना को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने मंगलवार को शिष्टमंडल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दर्दनाक घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में शोक का माहौल है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और गहरी संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि राज्य में माइक्रोफाइनेंस बैंकों के दबाव के कारण लगातार ऐसी दुखद घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करने के बजाय केवल बयानबाजी तक सीमित है। उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि सरकार की नीतिगत विफलताओं और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं का परिणाम है। अत्यधिक गरीबी, बेरोजगारी और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज के बोझ ने एक परिवार को आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को अविलंब समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही जीवित बचे बच्चों की शिक्षा एवं पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए। उन्होंने माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की कार्यप्रणाली और कर्ज वसूली के तरीकों की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की।

राजेश राम ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को गंभीरता से उठाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन, मयंक मुन्ना सहित स्थानीय कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोजपा-रामविलास अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां, संगठन को मिली मजबूती



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ में संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा ने मंगलवार को दो नई नियुक्तियों की घोषणा की। इसके तहत दिलीप कुमार को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव तथा अरविन्द कुमार को सिवान जिला का प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों को पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा के बाद पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनोज कुमार, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि दिलीप कुमार और अरविन्द कुमार के अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं सक्रियता से पार्टी को मजबूती मिलेगी और अतिपिछड़ा समाज के मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा आगामी चुनावी चुनौतियों में पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इनके नेतृत्व में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का विस्तार और सुदृढ़ीकरण तेजी से होगा।

उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से दी।

# हर पंचायत में कस्टम हायरिंग सेंटर, आधुनिक यंत्रों से सशक्त होंगे किसान



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)।बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य के लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुलभ, किफायती और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि रोडमैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पहल बिहार की कृषि को आधुनिक, लाभकारी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कृषि मंत्री ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में किसान आर्थिक सीमाओं के कारण आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने में सक्षम नहीं हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर ऐसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे, जहां से वे नाममात्र किराए पर जुताई, बुआई, रोपनी, कटाई, हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग जैसे कृषि कार्यों के लिए आधुनिक यंत्र प्राप्त कर सकेंगे। इससे खेती की लागत में कमी आएगी, कार्य समय पर पूरे होंगे और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये की परियोजना लागत निर्धारित की गई है। इन केंद्रों में स्थानीय फसल चक्र के अनुरूप आवश्यक आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना का लाभ प्रगतिशील किसान, जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन, आत्मा से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप, नाबार्ड या राष्ट्रीयकृत बैंकों से जुड़े किसान क्लब, कृषक उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स को दिया जाएगा।कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में अब तक 950 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 में 267 नए केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जहां किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल बिहार के किसानों को नई तकनीक से जोड़ते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी।